01-11-2026_Layout 1 01-11-2026 00:59 Page 1

वर्ष:5 | अंक : 287 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, रविवार 01 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

शिमला में दर्दनाक हादसा
गहरी खाई में गिरी गाड़ी, मां-बेटे समेत 5 की मौत; एक गंभीर

- मृतकों में मां-बेटा और तीन नेपाली नागरिक शामिल, टिक्कर की तहसीलदार ने की सड़क हादसे की पुष्टि

हादसा टिक्कर तहसील के दरोटी गांव के पास हुआ



जालंधर सिटी लाइव

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा टिक्कर तहसील के दरोटी गांव के पास हुआ, जहां एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। मृतकों में एक मां-बेटा और तीन नेपाली नागरिक शामिल हैं। एक ही हादसे में मां-बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, हादसे में दरोटी गांव के रहने वाले कुशल पुत्र प्रमोद और उनकी मां कल्पना देवी पत्नी प्रमोद की मौत हो गई। इनके अलावा तीन नेपाली नागरिकों निर्मला पत्नी पवन, मीना पत्नी प्रेम और रोशनी पुत्री प्रेम की भी दुर्घटना में जान चली गई। इस दुर्घटना में एक नेपाली मजदूर गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शिमला रैफर किया है। दरोटी गांव सहित आसपास के इलाकों में मातम पसरा हुआ है।

मृतकों के परिवारों को दी फौरी राहत

हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। टिक्कर की तहसीलदार प्रियंजली और नायब तहसीलदार मेहर सिंह फिष्टा ने हादसे की पुष्टि की है। प्रशासन के मुताबिक, दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांचों लोगों के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 15-15 हजार रुपये दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार अन्य सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया भी जारी है।

आम आदमी पार्टी ने पंजाब चुनाव 2027 के लिए 40 उम्मीदवारों की सूची की जारी

धुरी से चुनाव लड़ेंगे भगवंत मान

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 40 उम्मीदवारों का नाम शामिल है। जिनमें जालंधर के करतारपुर से बलकार सिंह और नकोदर से इंदरजीत कौर मान को टिकट सौंपी गई है। वहीं इस लिस्ट में मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम भी शामिल है और वह धूरी से चुनाव लड़ेंगे। इस लिस्ट में सबसे हैरान करने वाला नाम जेल में बंद मंत्री संजीव अरोड़ा का रहा। लुधियाना वेस्ट हलके से मैदान पर उतारा है।कनेता और पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा को 9 मई 2026 को श्वष्ठ ने 100 करोड़ से अधिक के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। तबसे वह जेल में ही बंद हैं।

क्र. सं.	विधानसभा सं.	विधानसभा क्षेत्र	उम्मीदवार का नाम	क्र. सं.	विधानसभा सं.	विधानसभा क्षेत्र	उम्मीदवार का नाम
1	7	बटाला	अमनशेर सिंह (शेरी कल्सी)	21	63	लुधियाना सेंट्रल	अशोक पराशर पप्पी
2	11	अजनाला	कुलदीप सिंह धालीवाल	22	64	लुधियाना पश्चिम	संजीव अरोड़ा
3	19	अमृतसर दक्षिण	डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर	23	65	लुधियाना उत्तर	चौधरी मदन लाल बग्गा
4	21	तरनतारन	हरमीत सिंह संधू	24	67	पायल	मनविंदर सिंह ग्यासपुरा
5	22	खेमकरण	सरवन सिंह धुन	25	71	निहाल सिंह वाला	मनजीत सिंह बिलासपुर
6	31	नकोदर	इंद्रजीत कौर मान	26	72	बाघा पुराना	अमृतपाल सिंह सुखानंद
7	33	करतारपुर	बलकार सिंह	27	73	मोगा	डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा
8	40	दसूया	करमबीर सिंह घुम्मन	28	74	धर्मकोट	दविंदरजीत सिंह लाडी ढोस
9	41	उड़मुड़	जसवीर सिंह राजा गिल	29	79	जलालाबाद	जगदीप कंब्रोज गोल्डी
10	43	होशियारपुर	ब्रह्म शंकर शर्मा (जिम्मा)	30	80	फाजिल्का	नरिंदरपाल सिंह सवना
11	44	चब्बेवाल	इशांक कुमार चब्बेवाल	31	86	मुक्तसर	जगदीप सिंह काका बराड़
12	45	गढ़शंकर	जय कृष्ण सिंह रोड़ी	32	88	कोटकपूरा	कुलतार सिंह संधवां
13	48	बलाचौर	संतोष कटारिया	33	89	जैतो	अमोलक सिंह
14	50	रूपनगर	दिनेश चड्ढा	34	94	तलवंडी साबो	बलजिंदर कौर
15	53	एस.ए.एस. नगर (मोहाली)	कुलवंत सिंह	35	97	सरदलगढ़	गुरप्रीत सिंह बनावाली
16	55	फतेहगढ़ साहिब	लखबीर सिंह राय	36	102	भदौड़	लाभ सिंह उगोके
17	56	अमलोह	गुरिंदर सिंह गैरी वडिंग	37	104	महल कलां	कुलवंत सिंह पंडोरी
18	58	समराला	जगतार सिंह दियालपुरा	38	106	असवंगढ़	जसवंत सिंह गज्जनमाजरा
19	60	लुधियाना पूर्व	दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला)	39	107	धूरी	भगवंत मान
20	62	आतम नगर	कुलवंत सिंह सिद्धू	40	115	पटियाला	अजितपाल सिंह कोहली

पहली लिस्ट में बड़े चेहरों का नाम शामिल नहीं

वहीं इस लिस्ट में कई बड़े चेहरों को टिकट नहीं मिली है। इस लिस्ट में वित्तमंत्री हरपाल चीमा, अमन अरोड़ा और शिक्षामंत्री हरजोत बैंस जैसे बड़े नेताओं का नाम शामिल नहीं है। हालांकि दूसरी लिस्ट में इन नेताओं को टिकट मिल सकती है।

उद्योगपतियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान

- रबर फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की बैठक में हुए शामिल
- कारोबारियों ने स्टेट रिफंड, सड़कों और कूड़े के डंप की समस्याएं उठाईं

औद्योगिक विकास को मिलेगी गतिः मेयर विनीत धीर

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू: शहर के मेयर एवं हलका नॉर्थ के इंचार्ज विनीत धीर ने रबर फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित बैठक में शिरकत की और उद्योग जगत से जुड़े कारोबारियों के साथ औद्योगिक विकास एवं उनकी समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस दौरान उद्योगपतियों ने स्टेट रिफंड में आ रही दिक्कतों के अलावा गुज्जा पीर रोड और होशियारपुर रोड के निर्माण तथा विकासपुरी स्थित कूड़े के डंप की समस्या का समाधान करवाने की मांग उठाई। विनीत धीर ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना और कारोबारियों को पेश आ रही दिक्कतों को दूर करना जरूरी है, ताकि उद्योगों के विकास में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि पंजाब की आर्थिक तरक्की में उद्योग जगत का महत्वपूर्ण योगदान है। उद्योग न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवाते हैं। ऐसे में उद्योगों को प्रोत्साहित करना, कारोबार के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना और उद्योगपतियों की जायज मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करना बेहद जरूरी है।मेयर ने कहा कि जालंधर का रबर फुटवियर उद्योग अपनी मेहनत, गुणवत्ता और कारोबारी क्षमता के दम पर देश-विदेश में पहचान रखता है। इस औद्योगिक पहचान को और मजबूत बनाने के लिए सरकार, प्रशासन और उद्योगपतियों के बीच बेहतर तालमेल एवं निरंतर संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में उद्योग जगत की भागीदारी को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर विनीत धीर ने एसोसिएशन की ओर से आमंत्रित करने और मान-सम्मान देने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में नीरज अरोड़ा, कपिल पुंछी, राजिंदर अरोड़ा, मंटू जुल्का, मोहिंदर पाल जुल्का, रमन जुल्का, नीरज कोहली, विजय शर्मा, अनु बांसल, सुरेश कोहली, आकाश जुल्का, केबल जुल्का, सन्नी पुंछी और शुभम सहित अन्य उद्योगपति मौजूद रहे।

- जालंधर के औद्योगिक विकास में कारोबारियों की भूमिका अहम, उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से करेंगे कामः विनीत धीर

पंजाब सरकार ने सहकारी बैंकों से किसानों के लिए कर्ज लेने का रास्ता बंद किया : सुनील जाखड़

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार को सहकारी बैंकों के कर्ज संबंधी नियमों के जरिए किसानों पर भारी बोझ डालने के लिए घेरा है।

यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनील जाखड़ ने कहा कि पिछले दिनों जब किसान यूनियनों ने कृषि ऋण सहित विभिन्न कृषि मांगों को लेकर चंडीगढ़ में धरना दिया था, तब पंजाब सरकार की ओर से कृषि मंत्री ने 7 सितंबर को लिखित आश्वासन दिया था कि सहकारी बैंकों के कृषि ऋण के संबंध में एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) लाने के लिए विधानसभा में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा का पिछला सत्र भी बीत चुका है, लेकिन यह योजना नहीं आई। उन्होंने बताया कि इससे पहले जून में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा बढ़ाने और इस योजना के तहत अन्य विभिन्न फसलों के लिए भी कर्ज देने की नीति की घोषणा की थी। सुनील जाखड़ ने कहा कि इन दावों के विपरीत सहकारी बैंकों में न तो एक भी किसान का नया खाता खुला और न ही ऋण सीमा बढ़ी।

- कहा, हिस्सेदारी की राशि बढ़ाई; दूसरे बैंक से कर्ज लिया होने पर देना पड़ेगा 4 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज

उलटे, 11 जिला भूमि बंधक बैंक पांच महीनों से बंद पड़े हैं और किसान तथा कर्मचारी दोनों इन बैंकों के बाहर धरनों पर बैठे हैं।

सुनील जाखड़ ने कहा कि इससे भी बड़ा अन्याय यह है कि भगवंत मान सरकार ने सहकारी बैंकों के ऋण संबंधी नियमों में बड़ा बदलाव करके किसानों पर न केवल आर्थिक बोझ डाला है, बल्कि सहकारी बैंकों से कर्ज लेने की प्रक्रिया इतनी कठिन बना दी है कि किसान कर्ज ले ही न सकें। सुनील जाखड़ ने बताया कि पहले सहकारी बैंकों से सहकारी समितियों के माध्यम से कर्ज लेने वाले किसानों को एक लाख रुपये तक के कर्ज के लिए 3,300 रुपये और दो लाख रुपये के कर्ज के लिए 5,000 रुपये की हिस्सेदारी जमा करवानी पड़ती थी। लेकिन मान सरकार ने यह हिस्सेदारी बढ़ाकर एक लाख रुपये के कर्ज के लिए 6,000 रुपये और दो लाख रुपये के कर्ज के लिए 9,000 रुपये कर दी है। उन्होंने कहा कि अब किसानों को बैंक से कर्ज लेने के लिए पहले यह राशि जमा करवानी पड़ेगी। उन्होंने इससे भी अधिक कठिनाई वाली बात का जिक्र करते हुए कहा कि पहले यह हिस्सेदारी सहकारी समिति में जमा करवाई जाती थी और किसान जब भी अपना खाता बंद करता था, तो आसानी से अपनी हिस्सेदारी वापस ले सकता था। लेकिन नए आदेशों के तहत यह हिस्सेदारी बैंक में जमा करवानी होगी, जहां से इसे वापस लेना भी किसान के लिए टेढ़ी खीर साबित होगा।

इसी तरह पंजाब सरकार के एक और किसान विरोधी फैसले की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सहकारी बैंकों से लिए जाने वाले कर्ज के लिए किसानों को सहकारी समिति या बैंक के पास जमीन गिरवी नहीं रखनी पड़ती थी। लेकिन अब तथाकथित किसान हितैषी सरकार ने नियम बना दिया है कि कर्ज लेने के लिए किसान को अपनी जमीन गिरवी रखनी पड़ेगी। उन्होंने आगे बताया कि पहले यदि किसान ने किसी दूसरे बैंक से भी किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया हुआ था, तब भी उसे ब्याज में चार प्रतिशत की छूट मिल रही थी, लेकिन नए नियमों के अनुसार यह छूट समाप्त कर दी गई है।

मोहाली स्टेडियम तैयारः 'एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल और फाइनल की मेजबानी के लिए सभी इंतजाम पूरे हैं': नितिन कोहली

जालंधर सिटी लाइव

मुख्यमंत्री भगवंत मान के पंजाब में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को वापस लाने के विजन को मिली बड़ी मजबूती, टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार मोहाली

मोहाली। हॉकी पंजाब के अध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष नितिन कोहली ने मोहाली स्थित ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 के आगामी सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। दौरे के दौरान नितिन कोहली ने स्टेडियम की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबलों की मेजबानी के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आयोजन स्थल की समग्र तैयारियों का आकलन करना और महत्वपूर्ण मुकाबलों से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना था। बैठक में चैंपियनशिप के सुचारू आयोजन के लिए आपसी समन्वय और तैयारियों की भी समीक्षा की गई। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस टूर्नामेंट के लीग चरण के मुकाबलों की मेजबानी जालंधर कर रहा है, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले मोहाली में आयोजित किए जाएंगे। नितिन कोहली ने अंतरराष्ट्रीय टीमों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के स्वागत के लिए स्टेडियम को पूरी तरह तैयार रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करना पंजाब के लिए गर्व की बात है और यह वैश्विक हॉकी मानचित्र पर अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सफल टूर्नामेंट आयोजन के लिए उच्च स्तरीय प्रबंधन और बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पंजाब में इस चैंपियनशिप की मेजबानी को राज्य के 2030 हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भी देखा जा रहा है।

01-11-2026_Layout 1 01-11-2026 00:59 Page 2

रजिया सुल्ताना ने दिया भरोसा, कांग्रेस के 2027 के चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल होंगे पंजाब के मुस्लिम समाज के अहम मुद्दे

जालंधर सिटी लाइव

मुस्लिम संगठन पंजाब के पदाधिकारियों के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री की विशेष बैठक, दीप नगर में हुई विशेष मुलाकात, मुस्लिम समाज के अहम मुद्दों पर हुई चर्चाएं

जालंधर (मज़हर): पंजाब कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना का मुस्लिम संगठन पंजाब की ओर से जालंधर के दीप नगर में विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसएस कंस्ट्रक्शन के एमडी एवं प्रसिद्ध बिल्डर कय्यूम खान के निवास पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समाज से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों, सामाजिक समस्याओं और समुदाय की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुस्लिम संगठन पंजाब के अध्यक्ष एडवोकेट नईम खान और संगठन के महासचिव मज़हर आलम मज़ाहिरी ने रजिया सुल्ताना के समक्ष जालंधर के मुस्लिम समाज की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही समुदाय की जायज मांगों और बुनियादी समस्याओं को राजनीतिक स्तर पर उचित प्रतिनिधित्व मिलना भी जरूरी है। मुस्लिम संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक वर्ग की समस्याओं और जरूरतों को सरकार तथा राजनीतिक दलों तक पहुंचाना आवश्यक है। मुस्लिम समाज भी प्रदेश के विकास और सामाजिक सौहार्द में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ऐसे में समाज की शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, धार्मिक एवं सामुदायिक संस्थाओं से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना ने मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वर्ष 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा-पत्र (मैनिफेस्टो) में पंजाब के मुस्लिम समाज की समस्याओं और जायज मांगों को शामिल करवाने के लिए उचित स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को राजनीतिक मंच पर उठाना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना जरूरी है। रजिया सुल्ताना के इस आश्वासन को मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रतिनिधियों ने सकारात्मक पहल बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में मुस्लिम समाज के मुद्दों को उचित राजनीतिक प्राथमिकता मिलेगी और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर मुस्लिम संगठन पंजाब के पदाधिकारी अमजद अली खान, वारिस मलिक, सैयद यासीन,खुर्शीद अहमद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मुस्लिम समाज की आवाज को राजनीतिक नेतृत्व तक पहुंचाना और आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान समुदाय की समस्याओं एवं मांगों को चुनावी एजेंडे का हिस्सा बनवाने के लिए प्रयास करना रहा।

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी कॉलेज में श्री सुखमनी साहिब के पाठ के भोग डाले गए

विद्यार्थियों ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को किया निहाल

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी कॉलेज, लाडोवाली रोड, जालंधर में समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की सुख-समृद्धि तथा सभी के भले की कामना के लिए श्री सुखमनी साहिब के पाठ के भोग डाले गए। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूरी श्रद्धा और भावना के साथ गुरबाणी कीर्तन किया। कीर्तन करने वाले विद्यार्थियों में प्रभशरण सिंह, अनंतनूर कौर, खुशप्रीत कौर, हरनीत कौर, सिमर सिंह, गगनदीप सिंह, उपिंदर कौर, गौरी और सिमर सिंह शामिल थे। विद्यार्थियों के मधुर कीर्तन से पूरे कॉलेज परिसर में आध्यात्मिक और भक्तिमय माहौल बन गया। समागम के बाद गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। इस धार्मिक समागम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की आने वाली परीक्षाओं में सफलता के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उनकी तरक्की, सफलता और खुशहाली के लिए अरदास करना था। इसके साथ ही कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों की सुख-शांति और सभी के भले की कामना भी की गई। इस अवसर पर कॉलेज की ओएसडी प्रो. (डॉ.) नवजोत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफल बनाना ही नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और एक अच्छा इंसान बनने के गुण पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि श्री सुखमनी साहिब का पाठ करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, परीक्षाओं में सफलता और जीवन के हर पड़ाव पर चढ़दी कला के लिए गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करना है। उन्होंने गुरबाणी कीर्तन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास युवा पीढ़ी को अपने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरसे से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कॉलेज की ओएसडी डॉ. नवजोत कौर और डॉ. जगप्रीत कौर को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। समागम में कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और बैठकों का दौर तेज: राकेश राठौर

जालंधर सिटी लाइव

वार्ड नंबर 67 और 70 में आयोजित बैठकों में भाजपा की मजबूती, संगठन विस्तार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने पर हुई चर्चा

जालंधर/सिद्धू: जालंधर शहर के पूर्व मेयर एवं भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की मजबूती के लिए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बैठकों का सिलसिला शुरू करते हुए कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से सीधा संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत वार्ड नंबर 67 के इंचार्ज संजय अरोड़ा के निवास स्थान तथा वार्ड नंबर 70 में राजीव के निवास स्थान पर विशेष बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राकेश राठौर ने कहा कि *2027 का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि पंजाब के भविष्य, विकास और सुरक्षा की दिशा तय करने वाला चुनाव होगा।* पंजाब की जनता मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली से निराश है और अब प्रदेश में विकास, सुशासन तथा जवाबदेह सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। राठौर ने कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ संवाद स्थापित कर पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता के समर्थन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2027 में पंजाब में भाजपा एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी। बैठकों में भाजपा जिला जालंधर के पूर्व अध्यक्ष रमन पब्बी, जिला उपाध्यक्ष मनीष विज, संजीव शर्मा मनी,मयंक व्यास,राजू कश्यप,नरेश शर्मा और नरेश दीवान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

जालंधर वेस्ट में सरेआम बिक रहा नशा! 'आप' पार्षद पति ने कीमती भगत को भी दिया जवाब

जालंधर। जालंधर में नशे की बिक्री को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। अवतार नगर की (आप) पार्षद के पति अमन ने सोशल मीडिया पर लाइव होकर जालंधर वेस्ट में कथित तौर पर खुलेआम हो रही नशे की बिक्री का मुद्दा उठाया। इलाके में आवाजें लगाकर नशा बेचे जाने की बात सामने आ रही है, लेकिन नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों का समर्थन करने के बजाय कुछ नेता उन्हें बुरा-भला कह रहे हैं। दरअसल, बीते दिन (आप) नेता कीमती भगत ने परविंदर झोटा की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर लाइव होकर कुछ सवाल उठाए थे। इसके बाद अवतार नगर की पार्षद के पति अमन ने भी लाइव आकर अपनी बात रखी। अमन ने कीमती भगत को कहा कि अगर वे नशे की बिक्री बंद नहीं करवा सकते, तो कम से कम उन लोगों का साथ जरूर दें, जो नशा तस्करों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने परविंदर झोटा जैसे लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को निशाना बनाने के बजाय उनका समर्थन किया जाना चाहिए।

जालंधर के लाडोवाली रोड पर पेट्रोल पंप के ट्रांसफार्मर में लगी आग

तीन फायर ब्रिगेड़ की गाड़ियों ने किया नियंत्रित

- शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग, अफरा-तफरी मची
- हादसे में जनहानि नहीं हुई, कुछ आर्थिक नुकसान हुआ

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर के लाडोवाली रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पेट्रोल पंप परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड़ की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ आर्थिक नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड़ के कर्मी नरेश कुमार ने बताया कि उन्हें करीब 8:10 बजे पेट्रोल पंप पर आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद रामा मंडी फायर स्टेशन से दो गाड़ियां और जेल रोड स्थित फायर स्टेशन से एक गाड़ी मौके पर भेजी गई। फायर ब्रिगेड़ कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। घटना में किसी की जान नहीं गई।

पेट्रोल पंप मालिक मौके पर मौजूद नहीं

ट्रांसफार्मर की तारों में स्पार्किंग होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। पेट्रोल पंप मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे। नरेश कुमार के मुताबिक, समय रहते फायर ब्रिगेड़ ने कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने मामूली आर्थिक नुकसान की जानकारी दी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

01-11-2026_Layout 1 01-11-2026 00:59 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS
ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)
HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)
PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry
LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.
POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication
MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management
DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)
MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing
INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA
NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)
ADMISSION OPEN
ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing
TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.
/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

जालंधर में टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग

1300 कुर्सियां-कूलर समेत सब खाक; लाखों का हुआ नुकसान

- किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताई
- आग इतनी भीषण थी अंदर रखा सामान बचाने का मौका नहीं मिला
- रंजीत बिल्ला की 'बिल्ला टेंट एंड साउंड सर्विस' के नाम से है दुकान

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिन। जालंधर के शाहकोट के नजदीकी गांव नंगल अंबियां में बीती रात एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे में टेंट हाउस मालिक को करीब 20 लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं, मालिक ने किसी शरारती तत्व द्वारा जानबूझकर आग लगाने की आशंका जताई है। आग इतनी भीषण थी कि अंदर रखा सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला। गांव नंगल अंबियां निवासी रंजीत कुमार बिल्ला 'बिल्ला टेंट एंड साउंड सर्विस' के नाम से दुकान चलाते हैं। उन्होंने करीब एक महीने पहले ही नया गोदाम तैयार करवाया था। बीती रात करीब 12 बजे अचानक गोदाम से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में प्लास्टिक और कपड़े का सामान अधिक होने के कारण आग तेजी से फैल गई। गोदाम में करीब 1300 कुर्सियां, मेज, 10 कूलर, पंखे, टेंट का सामान, पीटर रेहड़ा और अन्य जरूरी सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आने से यह सारा सामान पूरी तरह जल गया। इसके अलावा गोदाम का शेड भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। एक महीने पहले तैयार करवाया गया नया गोदाम भी आग से तबाह हो गया।

ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

गोदाम से आग की ऊंची लपटें उठती देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की और तुरत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद नकोदर से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा पूरा सामान जल चुका था।

जालंधर में मेडिकल स्टोर पर पुलिस की रेड, एक लाख से ज्यादा नशीली गोलियां बरामद

जालंधर-कपूरथला रोड पर स्थित आनंद मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

- 4 से 5 दुकानों को सील कर दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई
- फीडबैक व शिकायतों के आधार पर हॉटस्पॉट चिन्हित किए जा रहे हैं

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर में पुलिस ने जालंधर-कपूरथला रोड पर स्थित आनंद मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर एक लाख से अधिक अवैध नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस ने स्टोर की 4 से 5 दुकानों को सील कर दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री और डीजीपी साहब के निर्देशों के अनुसार पंजाब में नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। हर कमिश्नरेट और जिले में जनता से मिलने वाले फीडबैक और शिकायतों के आधार पर हॉटस्पॉट चिन्हित किए जा रहे हैं। कमिश्नर ने आगे कहा कि इस इलाके में विशेष शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मेडिकल स्टोर्स पर अवैध रूप से नशीली गोलियां बेची जा रही हैं। सूचना पर ड्रग इंस्पेक्टरों को साथ लेकर कार्रवाई की और 4-5 दुकानें सील की, जिनमें से एक दुकान से एक लाख से अधिक टैबलेट बरामद हुई हैं।

अवैध गतिविधियों पर होगी सख्त कार्रवाई

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जहां भी इस तरह की अवैध गतिविधियां या अवैध निर्माण पाए जाएंगे, वहां सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, एफआईआर दर्ज होगी, लाइसेंस रद्द किए जाएंगे और संपत्ति को भी सील किया जाएगा।

हरियाणा के पंचकूला से चौंकाने वाली घटना, तीसरी के छात्र ने चत्र की बच्ची पर किया हमला, गंभीर हालत में पीजीआई रेफर

जालंधर सिटी लाइव

हरियाणा के पंचकूला से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शहर के एक स्कूल परिसर में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने केजी की एक छोटी बच्ची पर पत्थरों और भारी गमले से हमला कर दिया। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। जब लोगों ने बच्ची को खून से लथपथ हालत में देखा तो स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल घायल बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल बच्ची को पहले सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआईचंडीगढ़ रेफर कर दिया। फिलहाल बच्ची का पीजीआई में इलाज चल रहा है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, आरोपी छात्र ने पहले बच्ची पर पत्थरों से हमला किया। इसके बाद भारी गमला उठाकर उसके सिर और शरीर पर वार किए। हमले के दौरान बच्ची जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। आरोप है कि छात्र ने बच्ची को घसीटना जारी रखा और उस पर हमला करता रहा। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र ने बच्ची के सिर और चेहरे पर ईंट से करीब 12 बार वार किए। इसके बाद उसके बाल पकड़कर बेंच पर पटकने और जमीन पर घसीटने का भी आरोप है। आरोप है कि छात्र ने बच्ची के चेहरे पर लातों से भी कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस ने स्कूल पहुंचकर शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलने के बाद सेक्टर-20 थाना प्रभारी यशदीप और जांच अधिकारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्कूल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज सहित सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जानकारी मांगी है।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और पत्रकार निधि राजदान ने की शादी, सोशल मीडिया पर शेयर की फोटोज

- निधि के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए नई शुरुआत का जिक्र किया
- पोस्ट में रिंग इमोजी भी शामिल था, जिसके बाद अटकलें तेज हो गईं
- दोनों की पोस्ट सामने आने के बाद उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू
- 31 जुलाई 2026 को कोर्ट ने आपसी सहमति से तलाक की अनुमति दी

जालंधर सिटी लाइव

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व पत्रकार निधि राजदान सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। उमर ने शनिवार को निधि के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए नई शुरुआत का जिक्र किया। पोस्ट में रिंग इमोजी भी शामिल था, जिसके बाद दोनों के रिश्ते और शादी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। निधि राजदान की पोस्ट ने भी इन चर्चाओं को हवा दी है।

उमर ने तस्वीरें शेयर कर खास बात लिखी

उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पर निधि राजदान के साथ दो तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके साथ उन्होंने लिखा, 卐कल एक नई शुरुआत हुई, निधि।卐 निधि राजदान ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, 卐इट्स डन ब्रो卐 (ङ्ख'ह्य स्रश्वृद्व, ङ्ख्रह्श)। दोनों की पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं।

पहली पत्नी से इसी जुलाई में हुआ तलाक

उमर अब्दुल्ला और उनकी पहली पत्नी पायल अब्दुल्ला का विवाह 1994 में हुआ था। दोनों लंबे समय से अलग रह रहे थे। 31 जुलाई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति से उनके विवाह को समाप्त करने का आदेश दिया था। अब निधि राजदान के साथ उमर की नई शुरुआत की खबर सामने आने के बाद राजनीतिक और मीडिया जगत में यह चर्चा का विषय बन गई है।

अब दुश्मन की हर हलचल पर रहेगी नजर!

ISRO ने लॉन्च किया नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03

- इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है
- आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से GSLV-F18 अंतरिक्ष में भेजा गया
- लॉन्च के 18 मिनट बाद रॉकेट के तीन चरण सफलतापूर्वक हुए पूरे

जालंधर सिटी लाइव

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसरो ने अपना नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03 सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। इसे शुक्रवार रात 11 बजकर 51 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित लॉन्च सेंटर से GSLV-F18 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। लॉन्च के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट के तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हुए और 2,232 किलोग्राम वजनी सैटेलाइट अपने तय ऑर्बिट में पहुंच गया। इस सैटेलाइट के जरिए भारत को नेविगेशन के क्षेत्र में और मजबूती मिलने की उम्मीद है। NVS-03 सैटेलाइट भारत के अपने नेविगेशन सिस्टम NavIC का हिस्सा है। इसकी मदद से पूरे भारत और देश की सीमाओं से करीब 1,500 किलोमीटर दूर तक सटीक लोकेशन और नेविगेशन सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस तकनीक का इस्तेमाल सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों में किया जा सकता है। इससे सेना को सीमा के आसपास अपनी लोकेशन और गतिविधियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

भारत को अपने नेविगेशन सिस्टम की जरूरत 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान महसूस हुई थी। उस समय भारत ने अमेरिका के GPS सिस्टम से मदद मांगी थी, लेकिन अमेरिका ने इनकार कर दिया था। इसके बाद भारत ने अपना स्वतंत्र नेविगेशन सिस्टम विकसित करने की दिशा में काम शुरू किया। NavIC सिस्टम तैयार किया गया, जो भारत को विदेशी नेविगेशन सिस्टम पर निर्भरता कम करने में मदद करता है।

NVS-03 का सफल प्रक्षेपण भारत की स्वदेशी नेविगेशन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश को अपनी सीमाओं के आसपास और दूर तक नेविगेशन सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस सैटेलाइट के जरिए भारत अंतरिक्ष आधारित तकनीक में आत्मनिर्भरता को और आगे बढ़ा रहा है। खासकर रक्षा क्षेत्र में सटीक लोकेशन मिलने से सैन्य अभियानों और रणनीतिक गतिविधियों में मदद मिल सकती है।

01-11-2026_Layout 1 01-11-2026 00:59 Page 4

युगों-युगों तक अमर रहेगा श्री अनिल चोपड़ा जी का नाम

सेंट सोल्जर कैंपस के कर्मयोगी स्थल में स्थापित की गई भव्य प्रतिमा

कर्म, सेवा और समर्पण की मिसाल बनकर सदैव प्रेरित करते रहेंगे श्री अनिल चोपड़ा जीः चेयरपर्सन श्रीमतीसंगीता चोपड़ा

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। युगों-युगों तक अमर रहेगा श्री अनिल चोपड़ा जी का नाम, जिनकी दूरदर्शी सोच, समर्पण और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ने सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स को एक नई पहचान प्रदान की। उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए आज सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के कॉलेज कैंपस, ने दीक एनआईटी, जालंधर-अमृतसर रोड, जालंधर के कर्मयोगी स्थल में संस्थान के संस्थापक एवं श्रद्धेय श्री अनिल चोपड़ा जी की प्रतिमा स्थापित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत समूह सदस्यों द्वारा सेंट सोल्जर ग्रुप के गौरव गीत स्मरण कर की गई। इस मौके ग्रुप चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा, श्री राजन चोपड़ा, श्री प्रिंस चोपड़ा, श्रीमती रितु चोपड़ा, श्रीमती प्रीतिका चोपड़ा, सुनील चोपड़ा, श्रीमती सिम्मी चोपड़ा पषान, शुष्मा हांडा, श्रीमती नीलम कत्याल, नरिंदर कुमार हांडा, समूह परिवार सदस्य एवं समूह ग्रुप के स्टाफ मेंबर्स ने पहुँच के श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वियों में साध्वी सुमेधा भारती जी, साध्वी किरण भारती जी, साध्वी पूर्णिमा भारती जी, साध्वी ऋचा भारती जी, साध्वी शब्दप्रिया भारती जी, साध्वी ऋतालिका भारती जी, स्वामी राजदीप जी ने भव्य संकीर्तन कर समूह सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती संगीता चोपड़ा ने बताया कि यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उनके महान व्यक्तित्व, प्रेरणादायक विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान का प्रतीक है। उनका जीवन सदैव कर्म, सेवा, अनुशासन और समाज के उत्थान के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। श्री अनिल चोपड़ा जी ने जिस दूरदृष्टि और संकल्प के साथ सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की नींव रखी, वह आज भी संस्थान की प्रगति और उपलब्धियों में जीवंत है। उनकी सोच, उनके आदर्श और उनके द्वारा देखा गया हर सपना सेंट सोल्जर परिवार के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। उनकी प्रतिमा की स्थापना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, जो आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश देती रहेगी। भले ही उनकी भौतिक उपस्थिति आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार, संस्कार और योगदान सदैव सेंट सोल्जर परिवार के हृदय में जीवित रहेंगे। श्री अनिल चोपड़ा जी का नाम केवल इतिहास के पन्नों में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की प्रेरणा और सेंट सोल्जर की पहचान में सदैव अमर रहेगा।

कार्यक्रम की झलकियां